07/12/2025

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज सीमा सड़क संगठन-बीआरओ द्वारा निर्मित 7 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में श्योक सुरंग सहित 125 सामरिक रूप से महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि ये परियोजनाएँ भारतीय सेना और बीआरओ के सर्वोच्च बलिदानों की स्मृति को समर्पित हैं जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लेह में श्योक सुरंग लद्दाख में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी, जिससे कडाके की सर्दियों में भी कनेक्टिविटी और गतिशीलता मिलेगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि श्योक सुरंग क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देगी, पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देगी ।

0000000000000000000000

सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर आज राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनाईक ने सशस्त्र सेना झंडा पहनकर और सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में दान देकर सशस्त्र सेनाओं के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सशस्त्र सेना झंडा दिवस के उपलक्ष्य में अरुणाचल प्रदेश राज्य सैनिक बोर्ड के निदेशक सह सचिव सेवानिवृत एयर कमोडोर आर डी मुसाबी के नेतृत्व में लोक भवन ईटानगर में कोष के लिए दान इकट्ठा किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस हर नागरिक को उनके कर्तव्य की याद दिलाता है कि वह उन पुरुषों और महिलाओ के साथ खड़े है, जो राष्ट्र की सार्वभौमिकता की रक्षा करते है।

उन्होंने कहा कि AFFDF में दान सीधे तौर पर जंग में घायल हुए लोगों के पुनर्वास के साथ-साथ सेवारत कर्मियों एक्स-सर्विसमेन और मुश्किल में फसे परिवारों के कल्याण में मदद करता है। राज्यपाल ने नागरिको से आगे आकर दिल खोलकर दान देने और देश के रखवालों के प्रति अपना आभार व्यक्त करने की अपील की।

0000000000000000000

दिल्ली हवाई अड्डे ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे हवाई अड्डे पर जाने से पहले अपनी एयरलाइन से उड़ान की नवीनतम स्थिति की जांच कर लें, क्योंकि इंडिगो की उड़ानों में अभी भी देरी हो सकती है। दिल्ली हवाई अड्डे ने एक परामर्श जारी कर कहा कि उनकी टीमें देरी को कम करने और सुगम यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। उसने यात्रियों को किसी भी सहायता के लिए सूचना डेस्क से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया। परामर्श में यात्रियों से वास्तविक समय के अपडेट और महत्वपूर्ण जानकारी के लिए हवाई अड्डे की आधिकारिक वेबसाइट देखने का भी आग्रह किया गया है।

00000000000000000000000

उद्योग मंत्री न्यतो दुकम ने होलोंगीं में यूनिटी मॉल प्रोजेक्ट साईट का दौरा कर कार्य की प्रगति की समीक्षा की। दौरे में श्री दुकम के साथ APIDFCL और उद्योग और नगरीय विकास विभाग के अधिकारी भी साथ में थे। दौरे के दौरान कार्यकारिणी एजेंसी ने कार्य को पूरा करने के लिए अपडेटेड समय रेखा की जानकारी दी।

श्री दुकम ने अधिकारियों से भारत सरकार की दिशानिर्देशों के अनुसार कार्य की गुणवत्ता को बनाए रखते हुए समय पर काम को पूरा करने को कहा। उन्होंने APIDFCL द्वारा प्रस्तावित 5-सितारा होटल के लिए पास की साइट का भी दौरा किया और उस क्षेत्र पर एक कंवेंशन सेंटर बनाने की व्यवहार्यता की जांच करने की सलाह भी दी।

0000000000000000000000

राज्य की जानी मानी अभिनेत्री, मॉडल चुम दरांग चाईल्ड सेफ्टी एबेसडर के रुप में आधिकारिक तौर पर प्रोजेक्ट मुस्कान में शामिल हो गए। यह कदम ईस्ट सियांग जिला द्वारा बाल सुरक्षा और सामुदायिक जागरुकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ईस्ट सियांग पुलिस द्वारा 11 नवंबर दो हजार पच्चीस को शुरु किया गया प्रोजेक्ट मुस्कान बाल सुरक्षा पर समर्पित है जिनका लक्ष्य स्कूली बच्चों को गुड-टच-बैड-टच, पोक्सो और जे जे अधिनियमों के प्रावधानों, बुलिंग रोकथाम और ऑनलाइन / साइबर सुरक्षा पर जागरुकता उत्पन्न कर उन्हें सशक्त बनाना है। इस पहल एक तहत प्रशिक्षित पुलिस बल हर हफ्ते स्कूल का दौरा कर जागरुकता फैलाते है। इस पहल में अबतक 69 स्कूलों को शामिल किया गया है और 55 स्कूलों में पुलिस कंप्लेंट बॉक्स लगाए गए है।

000000000000000000000000

नाहरलगन पुलिस ने हालहीं में चार लोगों को गिर्फतार किया और उनके पास से करीब एक लाख बारह हजार रुपए के नकली नोट जब्त किए।

ये गिर्फतारियाँ पोलो कोलोनी में हुई एक घटना के बाद हुई, जहाँ दो लोगों ने कथित तौर पर पांच सौ रुपए के नकली नोटों से किराने का सामान खरीदने की कोशिश की और जब उनका सामना हुआ तो वे भाग गए। जाँच के दौरान गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से पांच सौ रुपए के 224 नकली नोट मिले। पुलिस अधीक्ष्क डॉ. न्येलम नेगा ने नागरिको से स्थानीय चुनाव के मौसम के बीच सर्तक रहने का अनुरोध किया।

0000000000000000000

फर्जी इनर लाइन परमिट के प्रसार पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए दोईमुख पुलिस असम पुलिस के सहयोह से हालहीं में हारमुति से दो लोगों को कथित रुप से जाली अस्थायी आई पी एल तैयार करने और बेचने में शामिल होने पर गिरफ्तार किया। जाँच के दौरान पुलिस को एक लैपटॉप, मोबाइल फोन, 67 संदिग्ध फर्जी आई पी एल, एक मुहर और दस्तावेज बरामद किए। पुलिस दल का नेतृत्व दोईमुख के SDPO राधे ओबिंग द्वारा किया गया था। इस मामले में जांच अभी जारी है और रैकेट में शामिल दूसरे लोगों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

00000000000000000000

लोअर सुबनसिरी जिले के जीरों में कल सीबे किले (क्ले) नाले को चौड़ा करने और उसकी सीमांकन के लिए संयुक्त सफाई अभियान चलाया गया। सीबे सियांग प्रोटेक्शन वेलफेयर एसोसिएशन हापोली द्वारा आयोजित इस अभियान का लक्ष्य बारिश के मौसम में प्राकृतिक बहाव को ठिक करना और बाढ़ को रोकना था।